रिवीजन टेस्ट पेपर (2020-21)

कक्षा- ग्यारहवीं विषय -अर्थशास्त्र

कुल अंक (80)

1. बहुविकल्पीय प्रश्न हल कीजिए

I. देश में स्वाधीनता के समय कृषि की स्थिति -

A. अच्छी स्थिति B. बहुत पिछड़ी स्थिति C. खाद्यान्न की कमी D. बहुत अच्छी स्थिति

II. ऊर्जा के गैर परंपरागत स्रोत हैं।

A. सौर ऊर्जा B. तापीय विद्युत ऊर्जा C. परमाणु विद्युत ऊर्जा D. उक्त में से कोई नहीं

III. सांख्यिकी गणना का विज्ञान है यह परिभाषा दी है।

A. जॉनसन B. कीन्स C. ए. एल. बाउले D. प्रोफ़ेसर मार्शल

IV. स्वतंत्रता प्राप्ति के समय भारत की सर्वाधिक जनसंख्या कार्यरत थी।

A. प्राथमिक क्षेत्र में B. द्वितीय क्षेत्र में C. तृतीय क्षेत्र में D. उपर्युक्त में से कोई नहीं

2. खाली स्थान भरो -

I. भारत में जनगणना .... वर्षों के बाद की जाती है।

II. भारत में पहली रेलगाड़ी मुंबई से......................चली थी। ।

III. अंतरराष्ट्रीय व्यापार में ....का विस्तार हो जाता है।

IV. मौसमी बेरोजगारीका ....क्षेत्र में पाई जाती है।

3. सत्य असत्य बताइए -

I. भारत में औपनिवेशिक नीति का अच्छा प्रभाव पड़ा।

II. वर्तमान में योजना आयोग को समाप्त कर दिया गया है।

III. कुटीर उद्योग में स्थानीय मांग को पूरा करते हैं।

IV. भारत पेट्रोलियम का निर्यातक देश है।

4. एक शब्द में उत्तर दीजिए -

I. भारत में किस प्रकार की अर्थव्यवस्था को स्वीकार किया गया है।

II. व्यापार का क्या मुख्य उद्देश्य होता है।

III. पूरे विश्व को एक सत्ता के रूप में मानने को क्या कहते हैं।

IV. पवन ऊर्जा कैसा स्रोत है।

5. सही जोड़ी बनाओ –

I. मध्यप्रदेश में साक्षरता - a. 1 जनवरी 2015

II. घाटे की वित्त व्यवस्था - b. 69.3%

III. भारत में नीति आयोग का गठन - c. छिपी बेरोजगारी

IV. अदृश्य बेरोजगारी - d. मुद्रास्फीति के कारण

6. ऊर्जा के प्रकार के नाम लिखिए?

अथवा

प्राथमिक क्षेत्र की परिभाषा दीजिए?

7. आर्थिक नियोजन का अर्थ बताइए?

अथवा

आर्थिक नियोजन की दो विशेषता बताइए?

8. हरित क्रांति का अर्थ बताइए?

अथवा

कृषि विपणन की समस्याएं बताइए?

9. बेरोजगारी से क्या आशय है?

अथवा

भारत में शहरी बेरोजगारी के कारण लिखिए ?

10. समंक से क्या आशय है?

अथवा

प्रत्यक्ष व्यक्तिगत अनुसंधान क्या है?

11. प्राथमिक एवं द्वितीयक समंक में अंतर बताइए?

अथवा

एक अच्छी प्रश्नावली के गुण बताइए?

12. स्वतंत्रता के समय भारत के विदेशी व्यापार की परिभाषा और दिशा की जानकारी दें?

अथवा

औपनिवेशक शासन काल में कृषि की गतिहीनता के मुख्य क्या कारण थे?

13. उच्च पैदावार वाली किस्में बीज (HYV) क्या होते हैं?

अथवा

हरित क्रांति के बाद भी 1990 तक हमारी 65% जनसंख्या कृषि क्षेत्र में ही क्यों लगी रही?

14. क्या निर्धनता और बेरोजगारी के बीच कोई संबंध है समझाइए?

अथवा

मान लीजिए कि आप किसी गांव के निवासी हैं अपने गांव से निर्धनता निवारण के कुछ सुझाव दीजिए?

15. वर्तमान पर्यावरण संकट का वर्णन कीजिए?

अथवा

निम्नलिखित कारक भारत में कैसे पर्यावरण संकट की समस्या पैदा करते हैं?

A. बढ़ती जनसंख्या

B. वायु प्रदूषण

C. जल प्रदूषण

D. शहरीकरण

16. मानव पूंजी में निवेश आर्थिक समृद्धि में किस प्रकार सहायक होती है?

अथवा

किसी व्यक्ति के लिए कार्य के दौरान प्रशिक्षण क्यों आवश्यक होता है?

17. शहरी महिलाओं की अपेक्षा अधिक ग्रामीण महिलाएं काम करती दिखाई देती है क्यों?

अथवा

राज स्कूल जाता है पर जब वह स्कूल में नहीं होता तो प्रायः अपने खेत में काम करता दिखाई देता है क्या आप उसे श्रमिक मानेंगे क्यों?

18. व्यापार के आयात प्रतिस्थापन नीति किसे कहते हैं?

अथवा

भारतीय योजनाओं के निर्माता महालनोबिस को क्यों कहा जाता है?

19. अपनी कक्षा के 10 छात्रों में से तीन को चुनने के लिए आप लॉटरी विधि का उपयोग कैसे करेंगे चर्चा कीजिए?

अथवा

इनमें से कौन सी विधि द्वारा बेहतर परिणाम प्राप्त होते हैं और क्यों?

A. गणना

B. प्रतिदर्श

20. नई आर्थिक नीति की आवश्यकता क्यों पड़ी विवेचना कीजिए?

अथवा

आर्थिक सुधारों की प्रमुख विशेषता का वर्णन कीजिए?

21. ऊर्जा के प्रमुख स्रोतों का वर्णन कीजिए? अथवा

ऊर्जा संकट के कारण एवं इसे दूर करने के सुझाव दीजिए?

22. मानव विकास के विभिन्न संकेत को का उल्लेख कीजिए ?

अथवा

चीन में एक संतान नीति का महत्वपूर्ण निहितार्थ क्या था ?